# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–22 दिसम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार ने आज वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के लिए चौबीस हजार चार सौ छानबे करोड़ अट्ठानबे लाख रूपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह अनुपूरक बजट प्रदेश में विकास की निरंतरता बनाए रखने और बदलती जरूरतों के अनुरूप योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से लाया गया है। अनुपूरक बजट में औद्योगिक विकास के लिए चार हजार आठ सौ चौहत्तर करोड़ रूपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए चार हजार पांच सौ इक्कीस करोड़, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए तीन हजार पांच सौ करोड़ और नगर विकास के लिए एक हजार सात सौ अट्ठावन करोड़ रूपये की धनराशि प्रस्तावित की गयी है। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास के लिए पांच सौ पैंतीस करोड़, चिकित्सा शिक्षा के लिए चार सौ तेइस करोड़ और गन्ना एवं चीनी मिल क्षेत्र के लिए चार सौ करोड़ रूपये के बजट की व्यवस्था की गयी है।

**********

विधानसभा में आज सत्र की शुरूआत होते ही नेता प्रतिपक्ष ने कोडीन कफ सिरप का प्रकरण उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि कोडीन कफ सिरप से प्रदेश में एक भी मौत नही हुई है। इस सिरप का यहां उत्पादन भी नही होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस प्रकरण में जो भी जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार सरकार कड़ी कार्रवाई कर रही है। इस मामले में कोई भी अपराधी बच नही पाएगा। मुख्यमंत्री ने कोडीन कफ सिरप के कारोबार के मामले में पूर्व की सपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

***मैं सदन को इस बात के लिए अश्वस्त करता हूँ कि इस मामले में जो भी अपराधी होगा। उस अपराधी के खिलाफ जितनी सख्त कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश सरकार उतनी सख्त कार्रवाई करेगी। लेकिन मैं समाजवादी पार्टी से इस बारे में जरूर कहूँगा कि वह गुमराह करना छोड़े। उत्तर प्रदेश के अंदर कोई भी इससे संबंधित मौत के प्रकरण सामने अभी तक नही आए हैं और इससे कार्रवाई हमारी सरकार ने किया है। आपकी सरकार ने उन्हें लाइसेंस दिया था। उनकी इनलीगल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार ने 2012 से 16 के बीच में सारे इनलीगल कार्यो को आगे बढाया था।***

**********

विधानसभा के शीतकालीन स़त्र में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज विशेष चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरूआत करते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नही बल्कि भारत की आत्मा का स्वर और राष्ट्रीय चेतना का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम का सम्मान हमारे संवेधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय दायित्वों का बोध कराता है। वंदे मातरम को देश की आत्मा के जगाने वाला गीत बताते हुए मुख्यमंत्री ने इसका विरोध करने वालों से माफी मांगने को कहा।

***जो लोग भी जाने अनजाने में आज वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं। इस राष्ट्रगीत का विरोध कर रहे हैं। उसका वहिष्कार कर रहे हैं। उन्हें इस देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।***

**********

राष्ट्रपति ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण जी राम जी विधेयक–दो हजार पच्चीस को मंजूरी दे दी है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत यदि किसी को समय पर काम नहीं दिया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है।

**********

राष्ट्रीय महिला आयोग ने युवा शोध फेलोशिप कार्यक्रम–शक्ति फेलोशिप की शुरुआत की है। इसमें भारत में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर शोध के लिए युवा छात्रों और शोधकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक रिपोर्ट–

***इस फैलोशिप का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा, लिंग आधारित हिंसा, कानूनी अधिकार और न्याय, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, आर्थिक सशक्तिकरण और श्रम भागीदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर व्यापक शोध को प्रोत्साहित करना है। किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की उपाधि प्राप्त किए हुए 21 से 30 वर्ष के नागरिक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को छह महीने के शोध अध्ययन के लिए एक लाख रुपये का शोध अनुदान दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।***

**********

ग्यारह से तेरह जनवरी–दो हजार छब्बीस तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने आयोजन के दौरान सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिये।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में अगले दो दिनों के लिये कहीं कहीं घने से लेकर अत्यंत घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। अत्यधिक ठंड और शीतलहर के चलते जौनपुर के जिलाधिकारी ने कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों को कल से दो दिन तक बन्द रखने का आदेश जारी किया है।

**********